–ःप्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिटः–

जनपद–कानपुर देहात में वित्तीय वर्ष 2024–25 में विकासखंड मलासा के ग्राम पंचायत गुड़ाशेरपुर द्वारा PWM के निर्माण का कार्य टिन सेड स्तर तक पूर्ण कर लिया गया है और मशीन क्रय हेतु समाचार पत्र में निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंतर्गत विकासखंड–सरवनखेड़ा ग्राम पंचायत–मंगटा द्वारा कॉलम स्तर तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं निर्माण उपरान्त मशीन क्रय किये जाने की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट यूनिट का संचालन एवं रख–रखाव मिशन निदेशक महोदय स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) के पत्र संख्या–5/1683/2022–5/24/42/2024–एस0बी0एम0 (जी0) लखनऊ दिनांक 22 अक्टूबर, 2024 एवं पत्र संख्या 5/05/2024&25/46/2021&SMBG II दिनांक 3 जनवरी 2025 मे दी गयी व्यवस्था के अनुरुप जिला स्वच्छता समिति के द्वारा, निजी एजेंसी/रीसायकलर/कबाड़ी वाला आदि के द्वारा एवं जिला पंचायत के द्वारा किया जा सकता है।